कम्युनलिजम वॉच

RAJIV GANDHI INSTITUTE FOR CONTEMPORARY STUDIES

खंड: 2, अंक-2 1 नवंबर-30 नवंबर, 2015

इस अंक में

सांप्रदायिक घटनाएं 2-4

सांप्रदायिक हिंसा और तनाव

- मुजफ्फरनगर में तनाव
- टीपू सुल्तान की जयंती को लेकर हिंसा
- अलीगढ़ में दो समुदायों के बीच हिंसा
- मेरठ में दीपावली पर हुआ विवाद
- कर्नाटक में हिंसा की घटनाएं
- सड़क दुर्घटना को दिया सांप्रदायिक रंग
- गाजियाबाद में सामान्य विवाद में सांप्रदायिक विवाद
- मामूली विवाद में हुई हिंसा
- आगरा में सांप्रदायिक तनाव
- धर्मस्थल में मांस फेंकने से हुआ तनाव
- सिवनी में सामान्य विवाद मे हिंसा
- आगरा में बलात्कार के आरोप में मदरसा छात्रों की परेड
- युवती के साथ अभद्रता को दिया सांप्रदायिक रंग

न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया 8-9

- कुर्ग हिंसा की पुलिस जांच के आदेश
- दंगे के आरोपी नेताओं की हत्या में 7 गिरफ्तार
- हत्या के मामले में बजरंग दल कार्यकर्ता की गिरफ्तारी
- दंगो के आरोपी भाजपा नेता अदालत में पेश
- नानावटी जांच आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग
- 35 साल बाद त्रिपुरा दंगे के दोषी को जेल भेजा गया
- पलवल हिंसा के सुनियोजित होने का एफीडेविट
- विहिप के कार्यक्रम पर लगी रोक
- अमरावती में हुए तनाव में गिरफ्तारी
- प्रमोद मुतालिक पर प्रतिबंध

सांप्रदायिक रणनीति 5-8

- मंगलौर में मोरल पोलिसिंग
- जेएनयू में वार्डन पर पूजा करने से रोकने का आरोप
- ईसाइयों पर हमले की घटनाओं को नकारने के लिए इंडिया पॉलिसी फाउंडेशन ने तैयार की रिपोर्ट
- हिंदू संगठनों दे रहे हैं युवाओं को सैन्य प्रशिक्षण
- मुस्लिम और ईसाईयो के धर्मस्थल के आय की हो निगरानी
- विवादित फिल्म प्रियामानसम् का अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में प्रदर्शन
- दंगे पर फिल्म बनाने पर डॉक्युमेंट्री फिल्म निर्देशक को धमकी
- जम्मू के अखबार में प्रकाशित विज्ञापन पर नाराजगी
- लोकमत के खिलाफ मुस्लिमों ने किया विरोध प्रदर्शन
- वेबसाइट के जरिए सांप्रदायिक हिंसा भड़काने की कोशिश
- धर्मपरिवर्तन की अफवाह
- राज्य सरकार लेगी मंदिर का नियंत्रण, विहिप का विरोध
- उर्दू लेखकों की रचनाएं स्कूली पाठ्यक्रम से हटाएगी सरकार
- पूरे देश की शिक्षा का भगवाकरण करना चाहते हैः दीनानाथ बत्रा
- चर्च संचालित स्कूलों को अनुदान का विरोध
- वैदिक काल पर आरएसएस का सेमिनार
- तकनीकी विकास पर मनगढंत जानकारियां
- जयपुर आर्ट समिट में कलाकार के साथ अभद्रता

सांप्रदायिक घटनाओं के आंकड़े 10

- गृहमंत्रालय ने सांप्रदायिक घटनाओं का आंकड़ा जारी किया

सांप्रदायिक घटनाएं		
सांप्रदायिक हिंसा एवं तनाव		
घटनाएं	**सम्मिलित संगठन/ समूह**	**दिनांक और घटना स्थल**
मुजफ्फरनगर में तनाव मुजफ्फरनगर के भैंसी गांव में बच्चों द्वारा पटाखे जलाने से दो समुदायों में सांप्रदायिक झड़प शुरू हो गयी। इस संघर्ष के दौरान हुई हिंसा में 12 लोग घायल हो गए। http://timesofindia.indiatimes.com/city/meerut/Kids-brawl-over-crackers-leads-to-communal-violence-in-Muzaffarnagar/articleshow/49773501.cms Date Accessed:13/11/2015	स्थानीय समुदाय	13/11/2015 भैंसी, मुजफ्फरनगर
मुजफ्फरनगर के शेरनगर गांव में सड़क दुर्घटना के बाद दलितों और मुस्लिमों के बीच सांप्रदायिक हिंसा हुई जिसमें 24 लोग घायल हो गए। http://indianexpress.com/article/cities/lucknow/24-injured-11-held-as-communities-clash-in-muzaffarnagar/ Date Accessed:17/11/2015	दलित और मुस्लिम	17/11/2015 शेरनगर, मुजफ्फरनगर
टीपू सुल्तान की जयंती को लेकर हिंसा टीपू सुल्तान की जयंती मनाने को लेकर हुई सांप्रदायिक हिंसा में हुई विहिप कार्यकर्ता की मौत हो गयी। विहिप ने हत्या का आरोप लगाते हुए कोडगू बंद का आयोजन किया।पुलिस ने दो व्यक्तियों की इस मामले में गिरफ्तारी की है। http://www.newindianexpress.com/states/karnataka/Kodagu-Shuts-Down-in-Protest-Against-Tuesdays-Communal-Riots/2015/11/12/article3124332.ece http://www.thehindu.com/todays-paper/kuttappas-death-two-arrested-probe-begins/article.7885559ece Date Accessed: 17/11/2015	विश्व हिंदू परिषद और अन्य संगठन	10/11/2015 कोडगू, कर्नाटक
अलीगढ़ में दो समुदायों के बीच हिंसा अलीगढ़ के देहली गेट इलाके में दो पक्षों के बीच दीपावली के दौरान हुई हिंसा में 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए। http://aajtak.intoday.in/story/communal-violence-in-aligarh-uttar-pradesh-1-842029.html Date Accessed:13/11/2015	स्थानीय समुदाय	12/11/2015 अलीगढ़, उत्तरप्रदेश
मेरठ में दीपावली पर हुआ विवाद मेरठ में दीपावली के दौरान पटाखे जलाने को लेकर हुई कहा-सुनी में सांप्रदायिक हिंसा हुई। इस दौरान पत्थर फेंके जाने से दर्जन भर लोग घायल हुए। http://timesofindia.indiatimes.com/city/noida/Communal-clashes-erupt-over-crackers-stoning-of-mosque/articleshow/49772709.cms Date Accessed:13/11/2015	स्थानीय समुदाय	12/11/2015 मेरठ, उत्तरप्रदेश

<table>
<tr><td>

कर्नाटक में हिंसा की घटनाएं

मजार को लेकर हुआ विवाद

बेलागावी के खंजर गली में कथित तौर पर नए बने मजार को लेकर भाजपा और दक्षिणपंथी संगठनों ने मांग किया कि इसे प्रशासन खुद हटा दे। संगठनों ने पदयात्रा आयोजित कर इसे खुद ढहाने की बात कही है।
http://timesofindia.indiatimes.com/city/bengaluru/Communal-tension-brews-in-Belagavi-over-tomb-issue/articleshow/49819204.cms?
Date Accessed:17/11/2015

शिवा जी का किला बनाने पर मुस्लिम युवक को पीटा

बेलागावी में असमाजिक तत्वों द्वारा पत्थरबाजी करने से चार लोग घायल हुए। उग्र भीड़ ने इस दौरान कई वाहनों में आग लगा दिया। इस घटना की शुरूआत एक खास समुदाय के लड़के द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के किले का मॉडल बनाने से हुआ। दूसरे समुदाय के लोगों ने इस बात पर लड़के की पिटाई की।
http://www.thehindu.com/news/national/karnataka/tension-in-belagavi-as-petty-incident-is-exploited-to-fan-communal-violence/article7910720.ece
Date Accessed: 24/11/2015

दरगाह की चादर जलने से तनाव

बेलागावी में हजरत पीर सिकंदर दरगाह के भीतर चढ़ायी गयी चादर जलने के बाद तनाव हुआ। इस मामले में एक स्थानीय क्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी गयी है।
http://www.thehindu.com/news/national/karnataka/chadar-in-dargah-found-burnt/article7875019.ece
Date Accessed:14/11/2015

</td><td>

भाजपा और दक्षिणपंथी संगठन

असमाजिक तत्व

असमाजिक तत्व

</td><td>

बेलागावी, कर्नाटक

22/11/2015 बेलागावी, कर्नाटक

13/11/2015 बेलागावी, कर्नाटक

</td></tr>
<tr><td>

सड़क दुर्घटना को दिया सांप्रदायिक रंग

बिहार के वैशाली जिला में सड़क दुर्घटना में 65 साल के बुजुर्ग और उसके पोते की मरने के बाद इसे सांप्रदायिक रंग दिया गया। सड़क दुर्घटना के बाद क्षेत्र में अफवाह फैला कि मुस्लिम वाहन चालक ने एक महिला पर हमला करके घायल कर दिया है। इससे भड़की हिंसा के दौरान स्थानीय लोगों ने कम से कम 10 घरों में आग लगा दिया और दोनों समुदायों की ओर से गोलीबारी की गयी।
http://www.firstpost.com/india/road-mishap-takes-communal-colour-in-bihar-inspector-three-others-killed-in-mob-attack-.2513844html
Date Accessed: 20/11/2015

</td><td>स्थानीय समुदाय</td><td>18/11/2015 वैशाली, बिहार</td></tr>
<tr><td>

गाजियाबाद में सामान्य विवाद में सांप्रदायिक विवाद

गाजियाबाद में मसूरी थाना क्षेत्र के दो गांवों में हुई सांप्रदायिक हिंसा में लगभग 12 लोग घायल हो गए। घटना का कारण ग्रामीणों के बीच हुआ सामान्य विवाद था।
http://www.bhaskar.com/news/UP-MEER-communal-violence-in-ghaziabad-many-people-injured-5167415-PHO.html
Date Accessed:13/11/2015

</td><td>स्थानीय समुदाय</td><td>13/11/2015, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश</td></tr>
</table>

आगरा में सांप्रदायिक तनाव आगरा से लगे कस्बे रुनकता में11 साल की लड़की के साथ अभद्रता के बाद सांप्रदायिक तनाव फैल गया। इस मामले में भाजपा और हिंदूवादी संगठनों ने विरोध दर्ज कराया और सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया। http://www.amarujala.com/news/city/agra/agra-crime-news/communal-tension-in-runkta-hindi-news/ Date Accessed:18/11/2015	भाजपा और हिंदूवादी संगठन	17/11/2015 आगरा, उत्तरप्रदेश
मामूली विवाद में हुई हिंसा भरतपुर के झंटाली गांव में सांप्रदायिक हिंसा में खलील खान नाम के व्यक्ति की मौत हो गयी। हिंसा में करीब 12 लोग घायल हो गए। http://www.thehindu.com/news/national/other-states/communal-tension-in-bharatpur-village/article7888627.ece Date Accessed: 17/11/2015	स्थानीय समुदाय	17/11/2015, भरतपुर, राजस्थान
धर्मस्थल में मांस फेंकने से हुआ तनाव अमरोहा जिले के गांव तेलीपुरा में एक धर्मस्थल में मांस फेंके जाने के बाद सांप्रदायिक तनाव हो गया। http://www.amarujala.com/photo-gallery/samachar/national/communal-tension-after-through-meat-on-religious-place/ Date Accessed: 27/11/2015	असमाजिक तत्व	26/11/2015, अमरोहा, उत्तरप्रदेश
सिवनी में सामान्य विवाद मे हिंसा सिवनी जिले के गांव साल्हेचीबंद में दो समुदायों में हुई हिंसा में पथराव और आगजनी हुई। खबर में कहा गया है कि एक युवती पर पत्थर फेंके जाने की घटना ने सांप्रदायिक रंग ले लिया। इस दौरान कई जगहों पर धारा 144 लगा दिया गया। http://hindi.news18.com/news/madhya-pradesh/seoni-communal-tension-arson-stone-pelting-1063276.html Date Accessed:29/11/2015	स्थानीय समुदाय	28/11/2015, साल्हेचीबंद, सिवनी, मध्यप्रदेश
आगरा में बलात्कार के आरोप में मदरसा छात्रों की परेड आगरा में 11 साल की एक लड़की ने पुलिस से बताया कि एक मदरसे के पास उसके साथ दो लड़कों ने बलात्कार करने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के पहचान के लिए मदरसा छात्रों की परेड करायी। भाजपा, भाजयुमो, बजरंग दल की सक्रियता से भी घटना ने सांप्रदायिक रूप ले लिया। http://timesofindia.indiatimes.com/city/agra/11-yr-old-alleges-assault-madrassa-students-paraded/articleshow/49820656.cms Date Accessed:17/11/2015	अज्ञात, राजनीतिक संगठन	17/11/2015, आगरा, उत्तरप्रदेश
युवती के साथ अभद्रता को दिया सांप्रदायिक रंग सहारनपुर में एक युवती के साथ हुई अभद्रता की घटना को सांप्रदायिक तूल देने की कोशिश की गयी।इस मामले में दोनों समुदायों के बीच हल्की मार-पीट भी हुई। http://www.bhaskar.com/news/UP-MEER-communal-tension-after-girl-molestation-in-saharanpur-two-arrested-5161484-PHO.html Date Accessed: 5/11/2015	स्थानीय समुदाय	5/11/2015, सहारनपुर, उत्तरप्रदेश

सांप्रदायिक रणनीतियां	
सांप्रदायिक संगठन	
रणनीतियां	**सम्मिलित संगठन**
मंगलौर में मोरल पोलिसिंग मंगलौर शहर में मोरल पोलिसिंग की बढ़ती घटनाओं का असर युवाओं पर पड़ रहा है। हाल ही में मंगलौर के सिटी सेंटर माल में लड़के-लड़कियों के समूह को प्रताड़ित किया गया। कर्नाटक फोरम फॉर कम्युनल हॉरमनी ने 2015 में 12 के करीब मामले दर्ज किए हैं। इससे पहले 2013 और 2014 में 74 और 64 मामले दर्ज किए गए थे। और इसके पीछे अतिवादी हिंदू और मुस्लिम संगठन शामिल थे। http://indianexpress.com/article/india/india-others/sunday-story-social-religious-tensions-haunting-mangalores-young/ Date Accessed: 1/11/2015	अतिवादी धार्मिक संगठन
जेएनयू में वार्डन पर पूजा करने से रोकने का आरोप जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्रों के समूह ने झेलम हॉस्टल की वार्डन पर आरोप लगाया कि राजनीतिक कारणों से वार्डन ने उन्हें एक छात्र के जन्मदिन पर आयोजित पूजा और हवन करने से रोका। वार्डन ने इससे इंकार करते हुए कहा कि कार्यवाई के पीछे कोई धार्मिक कारण नहीं हैं। हास्टल के छात्रों ने इसे लेकर शिकायत की थी कमरे में आग लगने का खतरा भी था। http://www.outlookindia.com/news/article/jnu-students-accuse-warden-of-not-allowing-havan-in-hostel/921656 Date Accessed: 25/11/2015	खबर में किसी संगठन या रणनीति की पुष्टि नहीं होती हैं लेकिन यह दिखाता है कि किस तरह सामान्य विवादों का सांप्रदायिकीकरण किया जा सकता है।
ईसाइयों पर हमले की घटनाओं को नकारने के लिए इंडिया पॉलिसी फाउंडेशन ने तैयार की रिपोर्ट आरएसएस ने रांची में आयोजित अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की सभा में कहा कि आरएसएस ईसाइयों पर और चर्च पर हमले की घटनाओं को झूठा कहेगी। आरएसएस से जुडा इंडिया पॉलिसी फाउंडेशन इस पर एक रिपोर्ट जारी करेगा जिसका दावा है कि इन घटनाओं में हिंदूवादी संगठनों की भूमिका नहीं थी और चर्च पर हुए हमले में सांप्रदायिक कारण नहीं था। http://timesofindia.indiatimes.com/india/Church-attacks-were-petty-crimes-not-communal-RSS/articleshow/49652868.cms Date Accessed: 4/11/2015	इंडिया पॉलिसी फाउंडेशन (आरएसएस)
हिंदू संगठनों दे रहे हैं युवाओं को सैन्य प्रशिक्षण पश्चिमी उत्तरप्रदेश के ग्रामीण इलाकों में अखंड हिंदुस्तान मोर्चा, हिंदू स्वाभिमान संघ सहित कई दूसरे अतिवादी संगठन कम उम्र के बच्चों और युवाओं को सैन्य प्रशिक्षण दे रहे है। सैन्य प्रशिक्षण के जरिए संगठन युवाओं में कट्टरपंथी भावना पैदा कर रहे हैं। https://www.youtube.com/watch?v=IwJ_lFVnIrw Date Accessed: 28/11/2015	अखंड हिंदुस्तान मोर्चा, हिंदू स्वाभिमान संघ और अतिवादी संगठन
मुस्लिम और ईसाईयो के धर्मस्थल के आय की हो निगरानी आरएसएस ने उड़ीसा में मांग किया है कि मुस्लिम और ईसाइयों के धर्मस्थलों के आय के स्रोतों की राज्य द्वारा निगरानी होनी चाहिए। अपने आरोपों में आरएसएस ने कहा है कि जबकि हिंदुओं पर पहले से ही उड़ीसा हिंदू रिलीजियस एनडाउमेंट (संशोधित) एक्ट 2012 का प्रावधान किया गया है तो मुस्लिम और ईसाईयों को भी इस दायरे में लाना चाहिए।	आरएसएस

http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/religious-places-of-muslims-christians-in-odisha-should-be-under-state-regulating-authority-rss/ Date Accessed:6/11/2015	
विवादित फिल्म प्रियामानसम् का अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में प्रदर्शन भारत में बनी अब तक की तीसरी संस्कृत फिल्म प्रियामानसम् को भारत के अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में प्रदर्शन के लिए चुना गया है। इससे पहले केरल फिल्म समारोह के दौरान इस फिल्म को प्रदर्शन के योग्य नहीं माना गया था और कहा गया था कि यह फिल्म हिंदुत्व की विचारधारा को प्रचारित करती है। http://www.thehindu.com/features/cinema/controversial-sanskrit-film-selected-at-iffi/article7855731.ece Date Accessed:7/11/2015	सिनेमा जनमाध्यम है और इसका लोगों पर पड़ने वाले असर के चलते फिल्म के सार्वजनिक प्रदर्शन से जुड़े विवाद और आपत्तियां महत्वपूर्ण हैं।
दंगे पर फिल्म बनाने पर डॉक्युमेंट्री फिल्म निर्देशक को धमकी झारखंड के युवा फिल्म निर्देशन कुमार गौरव को सोशल मीडिया पर अखिल भारतीय विद्यार्थी सभा के कार्यकर्ता ने हमले की धमकी दी। कुमार गौरव ने जमशेदपुर में जुलाई 2015 के दौरान हुए दंगो पर फिल्म बनायी है। इस फिल्म में दंगों के दौरान के कई वास्तविक दृश्य हैं जिनमें दंगाइयों को अल्पसंख्यक समुदाय की दुकानों पर हमला करते दिखाया गया है। http://timesofindia.indiatimes.com/city/ranchi/Young-Jkhand-filmmaker-gets-threats-for-riot-docu/articleshow/49693259.cms Date Accessed:6/11/2015	अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद
जम्मू के अखबार में प्रकाशित विज्ञापन पर नाराजगी जम्मू के अखबार में प्रकाशित जमीन बिक्री के एक विज्ञापन को लेकर तनाव हुआ। रीयल-इस्टेट डीलर द्वारा प्रकाशित करवाए गए विज्ञापन में लिखा था कि यह केवल मुस्लिमों के लिए है जिसे लेकर काफी नाराजगी देखी गयी । http://www.hindustantimes.com/punjab/communal-advertisement-causes-anger-in-jammu/story-8rQthWdNkQvWNC03aqCNPM.html Date Accessed: 20/11/2105	रीयल-एस्टेट डीलर, अखबार जम्मू-कश्मीर
लोकमत के खिलाफ मुस्लिमों ने किया विरोध प्रदर्शन मराठी अखबार लोकमत में आईएसआईएस पर छपे एक लेख के साथ प्रकाशित चित्र के विरोध में महाराष्ट्र में कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन हुए। लोकमत के दफ्तर में भी अतिवादी मुस्लिम युवकों ने तोड़-फोड़ की। http://zeenews.india.com/news/india/media-house-attacked-over-derogatory-cartoon-in-maharashtra_1828277.html https://www.flickr.com/photos/94592664@N00/23399463775/in/dateposted-public/ Date Accessed:30/11/2015	धार्मिक समूह
वेबसाइट के जरिए सांप्रदायिक हिंसा भड़काने की कोशिश विकीलीक्स ने यह पुष्टि की है कि विकीलीक्स4इंडिया नाम से चल रही वेबसाइट से उसका कोई संबंध नहीं है और इसके जरिए भारत में सांप्रदायिक हिंसा भड़कायी जा रही है। इस वेबसाइट ने एक कथित स्टिंग के जरिए यह अफवाह फैलाने की कोशिश की थी कि दिल्ली के फाइव स्टार होटलों में बीफ परोसा जाता है। http://aajtak.intoday.in/story/wikileaks4india-misusing-name-to-create-communal-tension-in-india-says-wikileaks-1-840720.html http://wikileaks4india.com/news/operation-cow-wikileaks4india-53 Date Accessed:4/11/2015	विकीलीक्स4 इंडिया (वेबसाइट)
धर्मपरिवर्तन की अफवाह मध्यप्रदेश के छतरपुर में एक चर्च के अंदर धर्मपरिवर्तन की अफवाह फैली। शिवसेना और बजरंग दल के कार्यकर्ता चर्च के बाहर नारेबाजी करने लगे।पुलिस ने अपनी जांच के बाद इसे अफवाह बताया। http://naidunia.jagran.com/madhya-pradesh/chhatarpur-chhatarpur-on-the-conversion-of-the-information-chaos-585594	शिवसेना, बजरंग दल

Date Accessed:28/11/2015	
राज्य सरकार लेगी मंदिर का नियंत्रण, विहिप का विरोध उत्तरप्रदेश सरकार वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर और मिर्जापुर में विंध्याचल मंदिर का नियंत्रण लेने की योजना बना रही है।बताया जा रहा है कि इन मंदिरों के बारे में गंभीर शिकायतें की जाती रही हैं। विहिप इसे हिंदूविरोधी बताते हुए इसका विरोध करेगी। http://timesofindia.indiatimes.com/city/agra/VHP-readies-to-nix-UP-govts-plan-to-take-over-Banke-Bihari-temple/articleshow/49974226.cms Date Accessed:29/11/2015	विहिप
उर्दू लेखकों की रचनाएं स्कूली पाठ्यक्रम से हटाएगी सरकार राजस्थान सरकार ने उर्दू लेखकों इसमत चुगताई और सफदर हाशमी की रचनाओं को पाठ्यपुस्तकों से हटाएगी।ये सभी कहानियां मुस्लिम पात्रों पर आधारित हैं।इन कहानियों को हटाकर सिंधी समुदाय के महापुरुषों ताऊराम और स्वतंत्रता सेनानी हेमू कलाणी की जीवनी रखी जा सकती है। http://navbharattimes.indiatimes.com/state/rajasthan/jaipur/poems-by-ismat-safdar-to-vanish-from-raj-textbooks/articleshow/49667787.cms?utm_source=facebook.com&utm_medium=referral&utm_campaign=Raj051115 Date Accessed:29/11/2015	राजस्थान सरकार
पूरे देश की शिक्षा का भगवाकरण करना चाहते हैः दीनानाथ बत्रा आरएसस से जुड़े शिक्षाविद् दीनानाथ बत्रा ने चंडीगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा है कि वे हरियाणा ही नहीं पूरे देश की शिक्षा व्यवस्था का भगवाकरण करना चाहते हैं। हरियाणा के स्कूलों में नए सत्र से गीता को नैतिक शिक्षा के तहत पढ़ाया जाएगा। http://navbharattimes.indiatimes.com/state/punjab-and-haryana/chandigarh/working-to-saffronize-education-in-entire-country-rss-ideologue-dina-nath-batra/articleshow/49697308.cms Data Accessed: 7/11/2015	शिक्षा बचाओ आंदोलन (आरएसएस)
चर्च संचालित स्कूलों को अनुदान का विरोध गोवा मुक्ति दिवस के दिन भारतीय सुरक्षा मंच राज्य के सभी जिलों में धरना का आयोजन करेगी।भारतीय भाषा सुरक्षा मंच मांग कर रही है कि गोवा में अंग्रेजी माध्यम के ऐसे स्कूलों को अनुदान देना बंद कर दे जो चर्च द्वारा संचालित हैं।गोवा सरकार शैक्षिक अधिनियम में एक संसोधन पारित कर इस संबंध में कानून बनाकर चर्च द्वारा संचालित अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों को अनुदान के दायरे में लाएगी। राज्य में यह अनुदान कोंकड़ी और मराठी भाषा के निजी प्राथमिक स्कूलों के लिए था। http://www.goanews.com/news_disp.php?newsid=6410 Date Accessed:29/11/2015	भारतीय भाषा सुरक्षा मंच (आरएसएस)
वैदिक काल पर आरएसएस का सेमिनार आरएसएस का संगठन अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना वैदिक काल में महिलाओं की स्थिति पर मैसूर में एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन कर रहा है।आरएसएस की योजना है कि इसके जरिए यह स्थापित किया जाए कि वैदिक काल में महिलाओं के पास अधिकार थे और भारत में मुस्लिमों के आने के बाद इसमें बदलाव आया। http://epaper.navbharattimes.com/details/14177-53140-1.html Data Accessed:30/11/2015	अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना (आरएसएस)
तकनीकी विकास पर मनगढंत जानकारियां इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टॉरिकल रिसर्च के निदेशक प्रो .वाई.सुदर्शन राव ने कहा है कि भारत में पांच हजार साल पहले हवाई जहाज थे और स्टेम सेल पर शोध हो रहा था।गुजरात के स्कूलों में प्राचीन भारत से जुड़े पाठों में भी इस तरह की चीजें पढ़ायी जा रही है कि भारत में कारों की खोज हो चुकी थी।	निदेशक, आईसीएचआर

http://indiatoday.intoday.in/story/ancient-india-aeroplanes-nuclear-weapons-chief-history-chairman-indian-council-historical-research/1/403167.html Data Accessed: 21/11/2015	
जयपुर आर्ट समिट में कलाकार के साथ अभद्रता जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आयोजित कला प्रदर्शनी में कलाकार अनीश अहलूवालिया और चिंतन उपाध्याय की कृति पर धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप लगा। जवाहर कला केन्द्र के बाहर कई संगठनों ने नारेबाजी की।शिकायत पर कार्यवाई करते हुए पुलिस ने कलाकारों के साथ अभद्रता की। इस मामले में वसुंधरा राजे ने थाना प्रभारी का ट्रांसफर कर दिया और कांस्टेबल को लाइन हाजिर किया गया। http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/at-jaipur-art-summit-artistes-find-cow-is-the-limit-police-on-tail/ http://aajtak.intoday.in/story/jaipur-art-summit-floating-cow-case-the-sho-have-been-transferred-vasundhara-raje-saddened-by-the-incident-1-843132.html Date Accessed:25/11/2015	हिंदूवादी संगठन

अतिवादी लेखन

धार्मिक उन्माद के लिए केरल के बारे में दुष्प्रचार आर्गनाईजर में छपे एक लेख में आरोप लगाया गया कि केरल आजादी से पहले एक शाकाहारी क्षेत्र था। बाद में वहां की कम्यूनिस्ट सरकारों ने लोगों को बीफ आदि खिलाना शुरू किया। केरल में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के नेतृत्व में बनी सरकार के मुखिया को भी लेख में स्वतंत्र भारत का इस्लामिक शासन बताया। गौरतलब है कि इस सरकार के मुखिया सी.एच. मुहम्मद लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए थे। http://organiser.org/Encyc/2015/11/9/Kerala---God-s-Own-Country-Or--Godless-Country-.aspx Date Accessed:30/11/2015	आर्गनाइजर

न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया

कुर्ग हिंसा की पुलिस जांच के आदेश

कर्नाटक के कुर्ग में हुई हिंसा के मामले में कर्नाटक सरकार ने मैसूर के क्षेत्रीय कमिश्नर जांच के आदेश दिए हैं। आरएसएस और भाजपा इस घटना की न्यायिक जांच या सीबीआई जांच की मांग कर रही है। टीपू सुल्तान की जयंती के विरोध में आयोजित कुर्ग बंद के दौरान हुई सांप्रदायिक झड़प में विहिप नेता डीएस कुटप्पा की मौत हो गयी थी।

http://khabar.ndtv.com/news/india/siddaramaiah-refuses-to-order-judicial-enqiry-of-vhp-leader-death-during-clash-in-kurg-1242506

Date Accessed:11/11/2015

दंगे के आरोपी नेताओं की हत्या में 7 गिरफ्तार

भरूच में भाजपा के नेताओं की बाइक सवार लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।इस मामले में हो रही जांच में यह सामने आया है कि 1993 में हुए मुंबई बम विस्फोटों में भगोड़ा जावेद दाउद पटेल का इस हत्या से संबंध है।भरूच पुलिस में हत्या में शामिल सात आरोपियों की गिरफ्तारी की है।एटीएस ने कहा है ये हत्याएं गुजरात में अल्पसंख्यकों के साथ हुई घटनाओं का बदला लेने के लिए की गयी हैं और मारे गए भाजपा नेताओं पर दंगों में शामिल होने का आरोप था।

http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/masked-men-kill-2-gujarat-bjp-leaders/

http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/gujarat-7-arrested-by-ats-in-connection-with-murder-of-bjp-leaders/

http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/gujarat-bjp-leaders-murder-dawoods-aide-paid-rs-50-lakh-supari-ats/

Date Accessed:20/11/2015

हत्या के मामले में बजरंग दल कार्यकर्ता की गिरफ्तारी

बजरंग दल के कार्यकर्ता भुवित शेट्टी को दक्षिण कर्नाटक के जिले में हरीश पुजारी की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया है। युवक की हत्या उस वक्त हुई थी जब टीपू सुल्तान की जयंती को लेकर सांप्रदायिक तनाव चल रहा था।

http://indiatoday.intoday.in/story/bajrang-dal-activist-held-for-murder-in-karnataka/1/527408.html

Date Accessed: 20/11/2015

दंगो के आरोपी भाजपा नेता अदालत में पेश

बिजनौर से भाजपा सांसद भारतेन्द्र सिंह मुजफ्फरनगर की अदालत में पेश हुए।वे 2013 के मुजफ्फरनगर दंगा भड़काने के आरोपी हैं।इस मामले में केन्द्रीय मंत्री संजीव बाल्यान, साध्वी प्राची, उमेश मलिक, वीरेन्द्र सिंह सहित 11 लोगों पर आरोप हैं कि इन्होंने भड़काऊ भाषण दिया। कोर्ट ने अन्य आरोपियों को 24 नवंबर को अदालत में पेश होने को कहा है।

http://timesofindia.indiatimes.com/city/meerut/Riots-accused-BJP-MP-appears-in-court/articleshow/49633750.cms

Date Accessed:2/11/2015

नानावटी जांच आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग

गुजरात पुलिस के प्रमुख रहे आरबी श्रीकुमार ने कहा है कि वे चाहते हैं कि गुजरात सरकार नानावटी जांच आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक करे। राज्य सरकार को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि यह दुखद है कि राज्य के किसी विधायक ने आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग नहीं की है। 1952 का कानून कहता है कि जांच के बाद बनी रिपोर्ट को छ: महीने के भीतर सदन में पेश किया जाए।

http://zeenews.india.com/news/gujarat/ex-gujarat-dgp-wants-2002-nanavati-riot-report-released_1824157.html

Date Accessed:21/11/2015

35 साल बाद त्रिपुरा दंगे के दोषी को जेल भेजा गया

1980में हुए त्रिपुरा दंगे में फरार हुए दोषी को पुलिस ने जेल भेजा। 1980में सांप्रदायिक दंगों के दौरान विष्णु कुमार जमातिया ने गैर आदिवासी मधुसूदन चौधरी की हत्या कर दी थी और फरार था। आदिवासियों और गैर-आदिवासी समूहों के बीच हुई हिंसा में सैकड़ों लोग मारे गए थे।

http://timesofindia.indiatimes.com/city/guwahati/Tripura-riot-accused-sent-to-jail-after--35years/articleshow/.49902524cms

Date Accessed:24/11/2015

पलवल हिंसा के सुनियोजित होने का एफीडेविट

पंजाब और हरियाणा हाइकोर्ट में मुस्लिम समुदाय की ओर से दाखिल एफीडेविट में कहा गया है कि 5 जुलाई को हुई हिंसा सुनियोजित थी जबकि पुलिस ने हाइकोर्ट में दाखिल रिपोर्ट में इसे वाद-विवाद कहा है।

http://timesofindia.indiatimes.com/city/chandigarh/Palwal-clash-classic-example-of-intolerance-Riot-victims/articleshow/49943696.cms

Date Accessed:27/11/2015

विहिप के कार्यक्रम पर लगी रोक

फैजाबाद प्रशासन ने विहिप के कार्यक्रम पर रोक लगाने के लिए आदेश जारी किया। विहिप बाबरी मस्जिद तोड़े जाने के दौरान प्रशासन द्वारा कारसेवकों पर फाइरिंग के आदेश की पचीसवीं वर्षगांठ मनाने की तैयारी कर रहा था।

http://timesofindia.indiatimes.com/city/lucknow/Admin-bans-VHP-prog-on-Ayodhya-firing-anniv/articleshow/49622314.cms

Date Accessed:2/11/2015

अमरावती में हुए तनाव में गिरफ्तारी

महाराष्ट्र पुलिस ने उ.प्र. के इटावा जिले से एक लड़के को गिरफ्तार किया है। लड़के पर आरोप है कि उसने सोशल साइट पर आपत्तिजनक वीडियो जारी किया जिससे महाराष्ट्र के अमरावती कस्बे में तनाव हुआ।

http://timesofindia.indiatimes.com/city/agra/Maharashtra-cops-arrest-UP-teen-for-Whatsapp-text-that-stirred-riot/articleshow/49705130.cms

Date Accessed:8/11/205

प्रमोद मुतालिक पर प्रतिबंध

मुढ़ोल कस्बे में सांप्रदायिक तनाव के चलते प्रमोद मुतालिक के प्रवेश पर 1 महीने की रोक लगा दी गयी है। इससे पहले मुतालिक पर बेलागावी जिले में भी प्रवेश पर रोक थी।

http://www.thehindu.com/news/national/karnataka/mutalik-barred-from-entering-mudhol-from-november-23/article7844266.ece

Date Accessed:5/11/2015

सांप्रदायिक घटनाओं के आंकड़े

गृहमंत्रालय ने सांप्रदायिक घटनाओं का आंकड़ा जारी किया

गृह मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2015 में अक्टूबर तक 86 लोग सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए। वर्ष 2014 में 561 सांप्रदायिक घटनाओं की तुलना में इस साल अक्टूबर तक 630 सांप्रदायिक घटनाएं दर्ज की गयीं। अक्टूबर 2015 तक सांप्रदायिक घटनाओं में कुल 1,899 लोग घायल हुए। अक्टूबर 2015 से ठीक पहले के चार महीनों में सांप्रदायिक घटनाएं काफी तेजी से बढीं और इनकी संख्या 300 रही। इस रिपोर्ट में दो बड़ी घटनाओं के रूप में हरियाणा के अटाली और बिहसाहड़ा, दादरी में घटी घटना को बड़ी घटना के रूप में दर्ज किया गया।

http://timesofindia.indiatimes.com/india/Communal-clashes-killed-fewer-people-this-year-than-in-2014-claims-MHA-report/articleshow/49900717.cms

http://www.thehindu.com/news/national/300-cases-of-communal-violence-in-four-months/article7904417.ece

Date Accessed: 24/11/2015

Connect with RGICS at: info@rgics.org; www.rgics.org

सूचना: यह केवल निजी प्रसार के लिए है। सभी लेख, खबरें मूल लेखों और खबरों का सार-संक्षेप है और इनके शीर्षकों में कहीं-कहीं बदलाव किया गया है। मूल लेखों और खबरों के विस्तार के लिए साथ में लिंक भी दिए गए हैं।